पार करेंगे नैया भज कृष्ण कन्हैया

पार करेंगे नैया भज कृष्ण कन्हैया

निस दिन भज गोपाल प्यारे,
मोर मुकुट पीतांबर वारे ।
भगतो के रखवैया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

स्वास स्वांस भज नन्द दुलारे,
वो ही बिगड़े काज सवारे ।
नटवर चतुर रिझईया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

ग्वाल बाल संग धेनु रचावे,
लूट लूट दधी माखन खावे ।
चमत्कार करवैया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

नरसी जी ने टेर लगायी,
सावल शाह नहीं देर लगायी ।
ऐसे भात भरिया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

संकट से प्रह्लाद उभारो,
संकट से हम को भी उभारो ।
खम्ब फाड़ हरिण्यकश्पू मारो,
नरसिह रूप धरैया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

अबला को देवे शरण ना कोई,
भरी सभा में द्रोपती रोई ।
पहुंचे चीर बढ़िया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

द्रुपत सुता दुष्टो ने घेरी,
आए नाथ करी ना देरी ।
तुरत लगायी चीर की ढ़ेरी,
भगतन के दुःख हरिया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

विप्र सुदामा चावल लाए,
प्रेम सेहत हरी भोग लगाए ।
दिन सुदामा गले लगाए,

कह कर भैया भैया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

वन में एक शीला थी भरी,
चरण छुवाय अहिल्या तारी ।
ऐसे भई बैकुंठ पठाइया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

दीनानाथ सरब हितकारी,
संकट मोचन कृष्ण मुरारी ।
भगत जनो का रखवैया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

बाल कृष्ण गोपाल हमारो,
बृज वासिन को प्राण पयारो ।
बृज गोपिन को ह्रदय दुलारो,
नन्द महल को छैया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर,
सूर कहे मेरा नटवर नागर ।
दास कहे मेरा नटवर नागर,
घट घट वास करिया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

अर्जुन के रथ हाकन वारे,
यशोदा जी के प्राण प्यारे ।
मन हर मुरली बजईया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

गोपिन के संग रास रचायो,
काम देव याने मार भगाओ ।
कलियन नाग नचैया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

गज और ग्राह लड़े जल भीतर,
गज की टेर सुनी मेरे नटवर ।
गज के फंद छुड़ैया, भज कृष्ण कन्हैया ॥
पार करेंगे नैया...

स्वर : पूज्य कृष्ण चन्द्र शास्त्री (ठाकुर जी)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/983/title/paar-karenge-naiya-bhaj-krishna-kanhaiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |